भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1373
सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास

**†1373. डॉ. डी. रवि कुमार:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि घरेलू पर्यटन यात्राएँ वर्ष 2023 में 1.62 बिलियन तक पहुँच गईं जो महामारी के बाद मजबूत सुधार को दर्शाता है, जबकि विदेशी पर्यटकों के आगमन संबंधी आंकड़ा वर्ष 2024 में 9.2 मिलियन तक पहुँच गया;

(ख) 2023-25 के दौरान स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रसाद योजनाओं के तहत स्वीकृत पर्यटन से जुड़ी अवसंरचना परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्तमान में 80 मिलियन से अधिक रोजगार प्रदान करने वाले पर्यटन क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए कोई मूल्यांकन किया गया है; और

(घ) प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा, डिजिटल टिकट सुविधा, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी और सतत पर्यटन प्रथाओं को सुधारने हेतु उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): 2023 और 2024 के दौरान घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) के आंकड़े नीचे दिए गए हैं:

**(मिलियन में)**

| **वर्ष** | **डीटीवी** | **एफटीए** |
|---|---|---|
| 2023 | 2508.82 | 9.51 |
| 2024 | 2948.19 | 9.95 |

स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग और आप्रवासन ब्यूरो

(ख): 2023-24 और 2024-25 के दौरान स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुमान के अनुसार, 2023-24 के दौरान पर्यटन संबंधी रोजगार की संख्या 84.63 मिलियन थी।

(घ): पर्यटकों की सुरक्षा मुख्यतः राज्य सरकार का विषय है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय समर्पित पर्यटन पुलिस की स्थापना के लिए सभी राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों ने किसी न किसी रूप में पर्यटक पुलिस तैनात की है।

मंत्रालय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध आकर्षणों को देखने में रुचि रखने वाले यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म (आईआईडीपी) का नया संस्करण लॉन्च किया है। इस पोर्टल ने उड़ानों, होटलों, कैब और बसों तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के स्मारकों के टिकटों की निर्बाध बुकिंग के लिए कई ओटीए (ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट) और हितधारकों के साथ साझेदारी भी की है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना, 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' (एसीए) नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। कुछ परियोजनाओं में, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी को भी एक घटक के रूप में शामिल किया गया है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने सतत पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है और यात्रियों तथा पर्यटन व्यवसायों के बीच सतत पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम शुरू किया है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. डी. रवि कुमार द्वारा पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1373 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 के दौरान स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 | 9.75 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2023-24 | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.88 | 2.99 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 1.40 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 1.85 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 1.28 |
| 6. | असम | 2023-24 | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2.66 |
| 7. | असम | 2023-24 | जोरहाट | रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.88 | 2.39 |
| 8. | बिहार | 2024-25 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 165.44 | 16.54 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कबीरधाम जिला | 145.99 | 14.59 |
| 10. | दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव | 2024-25 | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 147.13 | 0.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | गोवा | 2023-24 | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 24.07 | 2.40 |
| 12. | गोवा | 2023-24 | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 19.89 | 1.99 |
| 13. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 26.68 | 2.67 |
| 14. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प | 65.82 | 6.58 |
| 15. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | माँ चिंतपूर्णी मंदिर (जिला - ऊना) | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 56.26 | 5.63 |
| 16. | कर्नाटक | 2023-24 | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.64 | 2.56 |
| 17. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.72 | 0.27 |
| 18. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.48 | 1.85 |
| 19. | केरल | 2023-24 | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.81 | 1.38 |
| 20. | केरल | 2024-25 | अलप्पुझा | अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 93.18 | 9.32 |
| 21. | केरल | 2024-25 | मलमपुझा | मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 75.87 | 7.59 |
| 22. | लद्दाख | 2023-24 | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 23.17 | 2.32 |
| 23. | लद्दाख | 2023-24 | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 11.91 | 1.19 |
| 24. | लक्षद्वीप | 2024-25 | बंगारम | बंगाराम में पर्यटक अनुभव का संवर्धन | 81.18 | 8.12 |
| 25. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.74 | 1.67 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 2.72 |
| 27. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | पीताम्बरा पीठ, दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 44.24 | 4.42 |
| 28. | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 | 7.62 |
| 29. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.60 | 2.76 |
| 30. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 3.25 |
| 31. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुह्वम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट एक्सपीरियंस | 38.85 | 3.89 |
| 32. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 33.87 | 3.39 |
| 33. | मिजोरम | 2025-26 | थिंग्सुलथलिया | सम्मेलन केंद्र का निर्माण | 99.71 | 9.96 |
| 34. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 0.79 |
| 35. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2.16 |
| 36. | नागालैंड | 2024-25 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 32.54 | 3.25 |
| 37. | पुदुचेरी | 2023-24 | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 0.00 |
| 38. | पंजाब | 2023-24 | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 0.00 |
| 39. | पंजाब | 2023-24 | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.91 | 2.59 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40. | राजस्थान | 2023-24 | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 21.65 | 2.17 |
| 41. | राजस्थान | 2024-25 | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 87.87 | 8.79 |
| 42. | राजस्थान | 2024-25 | करणी माता मंदिर, जिला बीकानेर | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 22.58 | 2.26 |
| 43. | राजस्थान | 2024-25 | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 48.73 | 4.87 |
| 44. | सिक्किम | 2023-24 | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.41 | 1.54 |
| 45. | सिक्किम | 2023-24 | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.60 | 2.26 |
| 46. | तमिलनाडु | 2023-24 | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 0.00 |
| 47. | तेलंगाना | 2023-24 | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.82 | 5.68 |
| 48. | तेलंगाना | 2023-24 | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.01 | 3.80 |
| 49. | त्रिपुरा | 2024-25 | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा हेरिटेज विलेज और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 48.95 | 4.89 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 | 1.45 |
| 51. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.80 | 0.00 |
| 52. | उत्तराखंड | 2023-24 | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 17.86 | 1.79 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53. | उत्तराखंड | 2023-24 | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 19.89 | 1.99 |
| **कुल राशि** | | | | | **2208.27** | **197.28** |

**वर्ष 2023 से 2025 के दौरान प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 6.74 |
| 2. | बिहार | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 2024-25 | 13.29 | - |
| 3. | गोवा | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | 4.68 |
| 4. | कर्नाटक | मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 | 13.33 |
| 5. | कर्नाटक | रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 | 0.00 |
| 6. | कर्नाटक | बीदर जिले के पापनाश मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 | 6.30 |
| 7. | मिज़ोरम | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 5.47 | 0.00 |
| 8. | पुडुचेरी | श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास | 2024-25 | 25.94 | 0.00 |
| 9. | तमिलनाडु | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 | 0.00 |
| 10. | तेलंगाना | देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 | 0.00 |
| | | **कुल राशि** | | **217.65** | **31.05** |

*****